## -:प्रेस नोट:-

**दिनांक- 04.08.2026**

# कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

❖ **ऑपरेशन मुस्कान के तहत थाना कोतवाली नगर पुलिस टीम द्वारा गुम/भटके हुए 08 वर्षीय बालक के परिजनों का पता लगाकर बच्चे को सकुशल सुपुर्द किया गया।**

**विवरण-** पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल के निर्देशन में ऑपरेशन मुस्कान के तहत थाना कोतवाली गुम/भटके हुए 08 वर्षीय बालक के परिजनों का पता लगाकर सकुशल सुपुर्द कर दिया गया। गौरतलब हो कि दिनांक 03.08.2026 को थाना कोतवाली नगर क्षेत्र के पथरिया खदान गांछा के पास एक 08 वर्षीय बालक संदिग्ध अवस्था में मिला जो अपना नाम पता नहीं बता रहा था। चौकी मेडिकल कॉलेज पुलिस द्वारा बालक के परिजनों की तलाश हेतु तत्काल प्रयास किए गए। चौकी प्रभारी मेडिकल कॉलेज श्री वीरेन्द्र त्रिपाठी द्वारा टीम गठित करते हुए सक्रियता के साथ आस-पास के लोगों से पूछताछ बालक के माता-पिता का पता लगाकर सकुशल बच्चे को उनके सुपुर्द कर दिया गया। परिजनों ने बच्चे को वापस पाकर पुलिस टीम की सराहना करते हुए ह्रदय से धन्यवाद दिया।